कंप्यूटर की मूल बातें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम

पाठ 2 - ऑपरेटिंग सिस्टम

कार्यपत्रक - 2

1. मनन आज अपने पहले कंप्यूटर लैब प्रैक्टिकल पीरियड में भाग लेने के लिए उत्साहित है। कंप्यूटर चलाने पर उसे बहुत सारे डेस्कटॉप विकल्प मिले और सौभाग्य से "स्टार्ट मेनू" मिला - लेकिन अब वहाँ बहुत सारे विकल्प देखने के बाद वह भ्रमित हो गया | उसकी मदद के लिए "स्टार्ट मेनू" से किसी भी 5 महत्वपूर्ण विकल्पों के उपयोग के बारे में लिखिए।

2. डेस्कटॉप पर एक तत्व है जो वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों के आइकन प्रदर्शित करता है। इस तत्व का उपयोग विंडो या प्रोग्राम में अदला-बदली करने के लिए भी किया जा सकता है। वह तत्व क्या कहलाता है और यह डेस्कटॉप पर कहाँ स्थित है?

3. आस्था को ड्राइंग और पेंटिंग का शौक है। एक दिन, उसकी सहेली ने उसे बताया कि वह कंप्यूटर पर भी "पेंट" का इस्तेमाल कर सकती है और वह उसे "पेंट" प्रोग्राम शुरू करने की प्रक्रिया बताती है। यह मानते हुए, कि जब यह वार्तालाप हुआ तब आप वहीँ थे, तो उसके द्वारा बताए गए चरणों को लिखें।

4. यह कितना अच्छा है कि विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम हमें “सहायता और समर्थन” के माध्यम से कंप्यूटर पर काम करने के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करता है। हर कोई इसे ज़रूरत के समय में उपयोग करता है और निश्चित रूप से आपने भी इसका उपयोग किया ही होगा। उस पैनल से किसी भी 3 विकल्पों को सूचीबद्ध कीजिये।

5. मैं यह तो जानता हूँ कि अगर मुझे अपने कंप्यूटर सिस्टम के पासवर्ड को बदलने की आवश्यकता है, तो मुझे "कंट्रोल पैनल" का उपयोग करना होगा, लेकिन यह नहीं जानता कि इसे कैसे चलाया जाता है | यदि आप जानते हैं कि कंट्रोल पैनल कैसे चलाया जाता है और इसका प्रयोग अन्य किन तीन कार्यों के लिए किया जा सकता है तो विस्तार से लिखिए।

6. नमन के पिता ने एक महत्वपूर्ण फ़ाइल के लिए नमन के कंप्यूटर का उपयोग किया। 2 दिनों के बाद उन्होंने नमन को अपने कार्यालय से फोन किया और उसे फ़ाइल का नाम बताकर उसे ईमेल करने के लिए कहा। नमन को नहीं पता कि उसके पिता ने फ़ाइल को कहाँ सेव किया है - फ़ाइल ढूंढ़ने के लिए वह निम्नलिखित विकल्पों में से किस का उपयोग करेगा:

i. "कंट्रोल पैनल"

ii. "सर्च"

iii. "सहायता और समर्थन"

iv. "फाइल प्रबंधन"

आपके द्वारा चुने गए विकल्प के कारण और फ़ाइल ढूंढ़ने के चरण (steps) भी लिखिए |

7. किसी ने आपको बताया कि आप अपने कंप्यूटर में एक ज़्यादा साइज (size) के वीडियो को कॉपी नहीं कर पाएंगे क्योंकि उसमें भंडारण/स्टोरेज (Storage) स्पेस नहीं है। सभी भंडारण घटक कौन कौन से हैं?

8. मैंने विंडोज एक्सप्लोरर का उपयोग करके एक नया फ़ोल्डर बनाया और इसे "नोटेशन" (Notation) नाम देने की कोशिश करते हुए गलती से "नोट्स" (Notes) नाम दे दिया। इसलिए, मैंने इसे हटा (delete कर) दिया। तभी मुझे एहसास हुआ कि मैं बस इसका नाम बदल सकता था। अब उस फ़ोल्डर को रिसायकल बिन से री-स्टोर करने और फिर उसका नाम बदलने के लिए किन चरणों का अनुसरण करना होगा,वह लिखिए।

9. यदि आप किसी भी विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम, जैसे विंडोज विस्टा पर गलती से कोई सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करते हैं तो क्या इसे हटाना संभव है? यदि हाँ, तो कैसे?इसकी प्रक्रिया लिखिए।

10. अंशुल अपने कंप्यूटर पर एक फ़ाइल में कुछ बदलाव कर रहा है। लेकिन वह बदलाव से पहले वर्तमान फ़ाइल की एक प्रति (copy), बाद में उपयोग के लिए भी रखना चाहता है। इस फ़ाइल की प्रतिलिपि (copy) बनाने के चरण लिखकर उसकी सहायता करें।